# GOVT. PG. COLLEGE, SYALDE (ALMORA)

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, स्याल्दे, अल्मोड़ा (उत्तराखण्ड )।

E-mail –principalsyalde@gmail.com ☎ 05966-247591


3

पत्रांक : 301 / संगोष्ठी / 2019–20 दिनांकः 30 दिसम्बर, 2019

सेवा में,

संयुक्त निदेशक,
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उत्तराखण्ड
हल्द्वानी, नैनीताल ।

विषय : **महाविद्यालयों में अध्यनरत सभी छात्राओं के लिए आत्मरक्षा संबंधी कार्यशाला का आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक सुंयक्त निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी, नैनीताल के पत्रांकः 200 / डिग्री सेवा / 2019–20 दिनांक 23 दिसम्बर, 2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत सभी छात्राओं के लिए आत्मरक्षा से संबंधी कार्यशाला का आयोजन कराये जाने एवं महाविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही को दिनांकः 30.12.2019 को ई–मेल द्वारा प्रेषित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है।

उक्त के अनुपालन में इस महाविद्यालय द्वारा **दिनांकः 28.12.2019** को छात्राओं के लिए आत्मरक्षा से संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी सूचना ई–मेल द्वारा प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नः– यथोपरि।**

भवदीय,

(डा0 सुनीता गुप्ता)
प्राचार्य,
राजकीय स्नातको0 महाविद्यालय,
स्याल्दे (अल्मोड़ा)

Govt. P.G. College
Syalde (Almora)

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , स्याल्दे ( अल्मोड़ा )

# कार्यशाला

## " छात्राओं में आत्मरक्षा।"

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , स्याल्दे ( अल्मोड़ा ) में आज दिनांक 28 /12/19 को " छात्राओं में आत्मरक्षा।" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला का शुभारम्भ; माँ सरस्वती के , सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान के साथ , किया गया ।

समारोह के मुख्य अतिथि - थाना भतरौंचखान के **कार्यालय अधीक्षक श्री नीरज भाकुनी एवं उनके सहयोगी टीम श्री गुरुमेज़ सिंह , L/C 482 कविता एवं L/C 502 मनीषा रावत तथा स्याल्दे महाविद्यालय की अभिभावक -शिक्षक समिति के गणमान्य सदस्य श्रीमती गंगा पंचोली , श्री** रणजीत **सिंह मेहरा, श्री भगवंत सिंह** बंगारी**, श्री प्रेमगिरी गोस्वामी , श्री हरीश बिष्ट सादर अन्य आमंत्रित सदस्यों में थे ।**

द्वितीय चरण के आरम्भ में ; एसो ० प्रोफेसर -अर्थशास्त्र तथा महिला सुरक्षा एवं उत्थान प्रकोष्ठ की प्रभारी डा ० आभा अग्रवाल ने महिलाओं के प्रति बढ़ते हुए अपराधों के कारण सम्पूर्ण भारतीय सामाजिक व्यवस्थ के अवसान पर चिंता अभिव्यक्त की ।

**इस अवसर पर श्री भाकुनी जी ने गीता के उद्वरण देते हुए अपराध के कारण , उनके निवारण हेतु क़ानून एवं पुलिस की भूमिका की विस्तार से चर्चा की । समाज में बढ़ते अपराधों से सुरक्षा के लिये उन्होंने छात्राओं को आत्मसुरक्षा हेतु कुछ शारीरिक -प्रतिघात करने सम्बन्धी उपाय , हेल्पलाइन दूरभाष नंबर एवं सतर्कता सम्बन्धी जागरूकता वर्धित की । दीर्घकाल में सामाजिक मनोवृत्ति को बदलने हेतु नैतिक एवं मूल्य -प्रेरित ज्ञान को शिक्षा के प्रत्येक चरण में कार्यान्वित करने का आहवान किया । पोक्सो अधिनियम 2012, साक्ष्यों के प्रस्तुतिकारण हेतु साक्ष्य संग्रहण श्रृंखला ( section c 36 ) तथा शादी का प्रलोभन , नशे में , या झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाने की स्थिति में भारतीय दंड संहिता 376 के विविध उपबंध उनके वक्तव्य के सारगर्भित अंश थे ।**

**श्रीमती गंगा पंचोली ने भी नैतिक -शिक्षा की अनिवार्यता पर बल दिया । श्री** रणजीत **सिंह मेहरा जी ने निर्धन लोगों हेतु निशुल्क न्याय -प्रणाली सम्बन्धी सरकारी प्रयासों का वर्णन किया , निर्भया APP-2012 तथा " महिलाओं के महत्वपूर्ण विधिक अधिकार " विषय पर आधारित लघु -पुस्तिका का वितरण किया ।**

**कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डा ० सुनीता गुप्ता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने महिला होने पर गौरव व्यक्त किया तथा सभी छात्राओं से आहवान किया कि वे सभी सामाजिक चुनौतियों का डट कर मुकाबला करें तथा किसी भी प्रकार के भय से स्वयं को मुक्त करें ।**

**कार्यक्रम का संचालन डा ० नीमा राणा ( असिस्टैंट प्रोफेसर -हिंदी ) ने किया । डा ० विकार हसन खान (असिस्टैंट प्रोफेसर - अर्थशास्त्र ) ने विशिष्ट आगंतुकों को प्रतीक चिन्ह भेंट किये ।**

कार्यशाला में लगभग 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में , डा ० आशा-गाड़िया (असिस्टैंट प्रोफेसर -जंतु विज्ञान ) , प्रियंका विश्वकर्मा (असिस्टैंट प्रोफेसर-राजनीति विज्ञान ) विशिष्ट रूप से विद्यमान थे । इनके अतिरिक्त कार्यशाला सहायक नीता घुत्याल , गीता, दुर्गा प्रसाद , बालक राम एवं कलावती आदि उपस्थित थे ।




प्रभारी

Abha Agrawal 30/12/19

डा ० आभा अग्रवाल

(महिला सुरक्षा एवं उत्थान प्रकोष्ठ)

प्राचार्य।

डा ० सुनीता गुप्ता

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

स्याल्दे (अल्मोड़ा )

Principal
Govt. P. G. College
Syalde (Almora)

आज दिनांक 28.12.2019 को महाविद्यालय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्याल्दे में "छात्राओं की आत्मरक्षा" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित उपस्थित रहे।

1 डा. सुनीता गुप्ता प्राचार्य
2- श्री नीरज नाकुनी थाना अध्यक्ष मतरेज खान (अल्मोड़ा) 9927991999
3 डा. आभा अग्रवाल
4- डा. नीमा राना
5 - श्रीमती गार्गी पंचोली
6 - डा. बी. एच. खान 28.12.19
7. श्री रजंती सिंह मेहरा अध्यक्ष अभिभावक संघ
8. 0548 CP गुरमेज सिंह
9- LIC 502 मनीषा रावत
10 - LIC 482 कविता
11 - भगवन्त सिंह बंगारी
12- प्रेमगिरि गोस्वामी
13 हरीश किल
14 डॉ० आशा कोरंगा गढ़िया 28/12/2019
15 प्रियंका विश्वकर्मा 28/12/19